कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत पारेषण मण्डल
गोण्डा

ई–टेन्डरिंग निविदा सूचना

अनुभवी फर्मों/ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु सीलबन्द निविदायें दो भागों में दिनांक 23.11.2020 को 14.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है।

(1) अल्पकालिक ई–निविदा संख्या 56/ई0टी0सी0(गोण्डा)/2020–21: विद्युत पारेषण खण्ड, गोण्डा के अन्तर्गत विभिन्न पारेषण लाइनों के वार्षिक अनुरक्षण सम्बन्धी कार्य। धरोहर राशि रू0 34000.00 निविदा भाग–1 खुलने की तिथि 23.11.2020 को 15:00 बजे, निविदा प्रपत्र मूल्य रू0 4012.00 (कर सहित)।

निविदा प्रपत्र शुल्क(नान रिफन्डेबिल) एवं ई0एम0डी0 अधिशासी अभियन्ता, विद्युत पारेषण खण्ड, गोण्डा के बैंक खाते में (बैंक का नाम–पंजाब नैशनल बैंक, खाता सं– 0181002100120697, आईएफएससी कोड–PUNB0018100) आर0टी0जी0एस/एनईएफटी के माध्यम से निविदा की अंतिम अपलोड तिथि से एक दिन पूर्व तक जमा की जायेगी तथा बैक में जमा किये जाने का साक्ष्य यथा योज्य यू0टी0आर0 सं0, खाते का नाम निर्गतकर्ता बैंक अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित एव निविदादाता द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित पे इनस्लिप की स्कैन्डप्रति, ईएमडी के लिए बैंक गारण्टी की स्कैण्ड कापी, जारीकर्ता बैंक के कन्फरमेशनमेल की प्रति भी निविदाप्रपत्रों के साथ इलेक्ट्रानिकली साफ व पठनीय अपलोड की जायेगी, अन्यथा कि स्थिति में निविदादाता द्वारा प्रस्तुत निविदा को स्वतः निरस्त समझा जायेगा। साथ ही निविदा के भाग–1 में तकनीकी बिड (पैन कार्ड, इन्कमटैक्स रिटर्न, जी0एस0टी0 पंजीकरण की स्वयं प्रमाणित छायाप्रति एंव तकनीकी अनुभव इत्यादि), संलग्न करना अनिवार्य है। धरोहर राशि/निविदा शुल्क जमा न होने अथवा किसी प्रकार की त्रृटि होनें पर निविदा का भाग–2 जिसमें दरें दी जानी है, नही खोली जायेगी। भाग–2 में दरें एंव वाणिज्यक नियम व शर्ते होनी चाहिये। तथा हार्ड कापी कार्यालय में जमा करने की आवश्यकता नहीं होगी। किसी भी स्थिति में निविदा के Retender होने पर निविदा की निविदा शुल्क(नान रिफन्डेबिल) एवं धरोहर धनराशि पुनः जमा की जानी अनिवार्य होगी, अन्यथा कि स्थिति में निविदादाता द्वारा प्रस्तुत निविदा को स्वतः निरस्त समझा जायेगा।

निविदाकाभागप्रथम एंव द्वितीयः–(प्राइजबिड दरें एंवशर्ते) दिनांक 23.11.2020 को 14.00 बजे तक www.etender.up.nic.in पर अपलोड की जा सकती हैं। निविदा का प्रथम भाग दिनांक 23.11.2020 को 15.00 बजे एवं भाग–2 (प्राइज पार्ट) निविदा शुल्क एवं धरोहर धनराशि प्राप्ति की पुष्टि होने के पश्चात सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी। निविदा खुलने की तिथि पर अवकाश होने की स्थिति में निविदा अगले कार्य दिवस पर निर्धारित समय पर खोली जायेगी। निविदाओं को बिना कोई कारण बताये निविदा/निविदाओं को अस्वीकार/विभाजित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित रहेगा। धरोहर/निविदा राशि रहित व सशर्त निविदायें स्वीकार नही की जायेगी। कृपया विस्तृत जानकारी, डाउनलोड, अन्य संशोधनों एंव निविदा प्रस्तुत करने के दिनांक तक विस्तार आदि के सम्बन्ध में कृपया www.etender.up.nic.in की वेबसाईट पर लॉगआन करें। "राष्ट्र हित मे बिजली बचायें"

अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत पारेषण मण्डल
गोण्डा

संख्या-2049/वि0पा0म0/गोण्डा/ई–टेण्डर नं0–56/2020–21 Dt: 20-10-2020